


सांध्य दैनिक
# 4PM

www.4pm.co.in www.facebook.com/4pmnewsnetwork @Editor_Sanjay YouTube @4pm NEWS NETWORK

जिद...सच की

मूल्य ₹ 3/-

● वर्ष: 10 ● अंक: 131 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, शुक्रवार, 14 जून, 2024



सुख और आनन्द ऐसे इत्र हैं, जिन्हें जितना अधिक दूसरों पर छिड़केंगे उतनी ही सुगंध आपके भीतर समाएगी।
–राल्फ वाल्डो एमर्सन

अफगानिस्तान ने सुपर आठ में पहली... 7 | दक्षिण में आस देख रही है... 3 | यूपी पुलिस आउटसोर्सिंग भर्ती... 2

# चारों ओर से बीजेपी पर प्रहार

## सरकार बने अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ मुश्किलों में आया एनडीए

» नीट पेपर मामले में कोर्ट से लेकर विपक्ष तक हमलावर

» भाजपा की हार पर संघ के बयान से मचा सियासी घमासान

» कर्नाटक में बीजेपी नेता येदियुरप्पा पर लटकी गिरफ्तारी की तलवार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। एनडीए सरकार बने अभी एक हफ्ता भी नहीं हुआ है और बीजेपी पर मुश्किलें आना शुरू हो गई हैं। जहां उस पर राजनीतिक हमले हो रहे हैं वहीं उसके नेताओं पर भी कई केस दर्ज हो रहे हैं। साथ ही नीट मामले में सुप्रीम कोर्ट से भी उस पर कई प्रहार हो रहे हैं। दरअसल, बीजेपी के हार पर संघ प्रमुख व अन्य वरिष्ठों द्वारा पीएम मोदी पर हमले के बाद विपक्षी दलों ने भी भाजपा को घेरना शुरू कर दिया। यूबीटी, कांग्रेस व राजद ने जमकर हमला बोलते हुए कहा है कि जनता ने तो अंहकार को नकारा ही अब संघ ने भी उनको आइना दिखा दिया है। उधर नीट पेपर मामले में सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षा मंत्रालय के एजेंसी एनटीए को धांधली मामले में नोटिस भेजा है। वहीं भाजपा के वरिष्ठ नेता येदियुरप्पा पर पोक्सो एक्ट में गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है।





### आरएसएस ही तोड़ सकती है भाजपा का अहंकार : राउत



शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने बीजेपी के अहंकार को रोक दिया है। लोकतंत्र में जनता ही जनार्दन होती है। संजय राउत ने भाजपा पर 30 से अधिक लोकसभा सीटों पर चुनाव अधिकारियों को डरा-धमकाकर चुनाव जीतने का आरोप लगाया है। यह मामला कोर्ट में जाएगा। राउत ने आगे कहा, बीजेपी बुरी तरह से हार गई। मोदी और अमित शाह हार गए हैं। वाराणसी में नरेंद्र मोदी हार गए हैं। भगवान सब जगह हैं। आप अयोध्या, चित्रकूट और प्रभु राम की भूमि नासिक, रामेश्वरम और रामटेक में हारे। जहां-जहां भगवान श्रीराम रहे, वहां सभी पवित्र भूमि पर अहंकार का पराभव हुआ है। संजय राउत ने कहा रावण अहंकारी था। इसलिए भगवान श्रीराम ने उसका वध किया। आज वही अहंकार राम के नाम पर चल रहा था। इसे जनता ने रोक दिया है। मगर पूरी तरह से पराजित नहीं हुआ है, वो काम आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) को करना पड़ेगा।

### पॉक्सो एक्ट में येदियुरप्पा को अरेस्ट किया जाएगा : परमेश्वर

कर्नाटक के गृहमंत्री परमेश्वर ने शक्रवार (14 जून) को कहा कि यौन उत्पीड़न के मामले में पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वॉरंट जारी किया गया है और पुलिस पोस्को मामले में पूछताछ के लिए भाजपा नेता को लाने के लिए तैयार है। येदियुरप्पा के लिए वारंट जारी किया गया है। पुलिस उन्हें 16 जून को अपने साथ लाएगी और मामले से जुड़ी सभी जानकारी हासिल करेगी। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो पॉक्सो एक्ट में येदयुरप्पा को अरेस्ट किया जाएगा। हालांकि गिरफ्तारी की कार्रवाई सीआईडी की टीम ही करेगी। 81 साल के येदयुरप्पा के खिलाफ 14 मार्च 2024 को 17 साल की नाबालिग लड़की की मां ने केस दर्ज कराया था।

### रामद्रोही कोई नहीं, संघ ने आधा सच कहा : मनोज झा



राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद ने इंद्रेश कुमार के बयान की निंदा की है। मनोज झा ने कहा कि अभी वॉर ऑफ पोजिशन चल रहा है, इंद्रेश जी को एक बात कहना चाहता हूं कि रामद्रोही कोई नहीं है, मर्यादापुरूषोत्तम के चरित्र को मानते हैं जो बापू मानते थे, बाकि होइहे वही जो राम रचि राखा। मनोज झा ने इंद्रेश के बयान पर कहा, उन्होंने आधा सच कहा है, मैं 241 सीट वाली बात समझ सकता हूं, आप 234 सीटें जीतने वालों को राम द्रोही नहीं कह सकते, भगवान राम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। इंद्रेश जी, आपको इसका अंदाजा नहीं है, एक जेब में महात्मा गांधी की फोटो और दूसरी जेब में नाथूराम गोडसे की फोटो, ऐसे नहीं चलता। भारतीय लोकतंत्र जीवंत है, यह आपको 241 से 2 सीटों तक पहुंचा सकता है। इसलिए इस लोकतंत्र में अहंकार, मैं मुजरा और भैंस चोर ये सब मत करिए।

# एनटीए को जारी हुआ 'सुप्रीम' नोटिस

## शीर्ष अदालत ने टेस्टिंग एजेंसी से मांगा जवाब

» पेपर लीक और अनियमितताओं से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार (14 जून) को नीट एग्जाम के कथित पेपर लीक और अनियमितताओं से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर नीट एग्जाम करवाने वाली एजेंसी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर उससे जवाब मांगा है। कोर्ट ने एनटीए की तरफ से दायर याचिकाओं पर जिन छात्रों की याचिका अलग-अलग हाईकोर्ट में लंबित है, उनको नोटिस जारी कर भी जवाब मांगा है।

अदालत ने कहा है कि एनटीए का जवाब जानना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जवाब दाखिल किए जाने के बाद अब इस मामले पर अगली सुनवाई 8 जुलाई को की जाएगी।



### भावनात्मक दलील से पहले एनटीए का जवाब देखना जरूरी : अदालत

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील का कहना था कि ये मामला 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। ऐसे में अदालत को इस पर जल्द सुनवाई करनी चाहिए। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा कि हम इसकी गंभीरता को समझते हैं। वकील ने छात्रों के सुसाइड का भी जिक्र किया। ये सुनकर अदालत ने कहा कि ऐसी भावनात्मक दलील मत रखिए, कानून की प्रक्रिया का पालन करते हुए एनटीए का जवाब देखना जरूरी है।

### कई शहरों में छात्रों का प्रदर्शन

नीट एग्जाम के कथित पेपर लीक को देश के कई प्रमुख शहरों में प्रदर्शन देखने को मिले हैं। जहां दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक का विरोध किया, वहीं कोलकाता के विकास भवन के बाहर भी प्रदर्शन देखने को मिला। छात्रों के एक ग्रुप ने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया।

### सरकार ने लीक की बात को नकारा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि अभी तक नीट एग्जाम में किसी तरह की कोई गड़बड़ी, भ्रष्टाचार या पेपर लीक होने का ठोस सबूत नहीं मिला है, इससे जुड़े सभी फैक्ट्स सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हैं और अभी विचाराधीन हैं, भ्रम फैलाने के प्रयास से इस मुद्दे पर राजनीति की जा रही है.।

# कुवैत से 45 भारतीयों के शव लेकर कोच्चि पहुंचा विमान

» भीषण आग हादसे में कई लोगों की मौत

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोच्चि। कोच्चि एयरपोर्ट पर शुक्रवार सुबह मौत सा सन्नाटा पसरा रहा। कुवैत से जैसे ही 45 भारतीयों के शव लेकर वायुसेना का विशेष विमान लैंड हुआ, हर आंख नम हो गई। मरने वालों के परिजन सुबह से ही एयपोर्ट पर मौजूद थे। केरल सरकार के मंत्री, आला अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल भी एयरपोर्ट पर मौजूद था।

भारतीय वायुसेना के सी-130 जे परिवहन विमान से 31 भारतीयों के पार्थिव शरीर को कोच्चि में उतारा गया। यहां से शवों को उनके गृह नगर के लिए रवाना कर दिया गया। आग की घटना में मारे गए मारे गए 31 मृतकों में से केरल के 23, तमिलनाडु के 7 और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। उत्तर भारत के शवों को लेकर विमान शाम तक दिल्ली पहुंचेगा।



### कांग्रेस ने केरल के स्वास्थ्य मंत्री को कुवैत जाने की अनुमति न देने पर केंद्र की आलोचना की

केरल में विपक्षी कांग्रेस ने खाड़ी देश में आग की दुखद घटना से प्रभावित मलयाली लोगों के लिए राहत प्रयासों में समन्वय करने के वास्ते राज्य की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज को कुवैत जाने की अनुमति देने से इनकार करने के केंद्र के फैसले की शुक्र वार को आलोचना की। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता वी. डी. सतीशन ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राज्य की स्वास्थ्य मंत्री को कुवैत जाने की अनुमति नहीं दी गई। राज्य सरकार का एक प्रतिनिधि राहत प्रयासों के बेहतर समन्वय में मदद करता। राज्य का प्रतिनिधि भी केंद्र सरकार को राहत प्रयासों में मदद करने में सक्षम होता।

# यूपी पुलिस आउटसोर्सिंग भर्ती मामले में विपक्ष के निशाने पर योगी सरकार

## प्रियंका, अखिलेश व संजय ने कहा सुरक्षा से सरकार कर रही खिलवाड़, एडीजी ने कहा, करायेंगे जांच

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क


**लखनऊ। पुलिस के लेखा एवं गोपनीय संवर्ग के संवेदनशील पदों पर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती किए जाने के आदेश पर यूपी में विपक्ष के निशाने पर योगी सरकार आ गई। हालांकि देर शाम ही डीजीपी मुख्यालय से यह स्पष्ट कर दिया गया कि सरकार की ऐसी कोई योजना नहीं है और यह भूलवश हो गया है। प्रमुख विपक्षी पार्टियों ने यह मुद्दा उठाया।**

पुलिस के लेखा एवं गोपनीय संवर्ग के संवेदनशील पदों पर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती किए जाने का गलत पत्र जारी होने के प्रकरण की जांच शुरू कर दी गयी है। एडीजी स्थापना संजय सिंघल ने बताया कि यह पत्र किन परिस्थितियों में जारी हुआ और उसे बिना परीक्षण के शाखाओं में भेजा गया, इसकी गहनता से जांच का जिम्मा अपर पुलिस अधीक्षक, स्थापना को सौंपा गया है। जांच में दोषी पाए गये अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ नियमों के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

69,000 शिक्षक भर्ती में विभिन्न विसंगतियों के कारण नौकरी पाने से वंचित रहे अभ्यर्थियों ने सपा प्रदेश मुख्यालय पर पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। अभ्यर्थी शिखा पाल ने ज्ञापन देकर शिक्षक भर्ती में अतिरिक्त पद जोड़ने अथवा न्यायालय में उपस्थित समस्त वर्ग (आरक्षित/सामान्य वर्ग) के याचियों को याची लाभ देकर समस्त मुद्दों को हल कराने में मदद मांगी। शिखा ने बताया कि करीब 60 प्रतिशत अभ्यर्थी अगली भर्ती में भाग लेने की अधिकतम उम्र सीमा को पार कर चुके हैं।

बीएड डिग्रीधारकों के लिए यह अंतिम अवसर था, क्योंकि आठ वर्ष बाद 69,000 शिक्षक भर्ती में सम्मिलित होने का अवसर मिला था। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण उन्हें अगली प्राथमिक शिक्षक भर्ती में आवेदन का अवसर प्राप्त नहीं होगा।





### काम के बदले पैसा लेने की योजना : अखिलेश



प्रदेश में पुलिस विभाग के कुछ पदों पर आउटसोर्सिंग से भर्ती के लिए जारी सर्कुलर को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार ने 'पुलिस व्यवस्था' के प्रति लापरवाही भरा नजरिया अपना रखा है, जिसकी वजह से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट किया कि कार्यवाहक डीजीपी के बाद अब कुछ 'पुलिस सेवाओं की आउटसोर्सिंग' पर विचार किया जा रहा है। ठेके पर पुलिस होगी तो, न ही उसकी कोई जवाबदेही होगी, न ही गोपनीय और संवेदनशील सूचनाओं को बाहर जाने से रोका जा सकेगा। जब पुलिस का अपना भर्ती बोर्ड है तो बाकायदा सीधी स्थायी नियुक्ति से सरकार भाग क्यों रही है।उन्होंने कहा कि युवाओं को आशंका है कि इसके पीछे आउटसोर्सिंग का माध्यम बनने वाली कंपनियों से 'काम के बदले पैसा' लेने की योजना हो सकती है क्योंकि सरकारी विभाग से तो इस तरह पिछले दरवाजे से 'पैसा वसूली' संभव नहीं है। अपने आरोप के आधार के रूप में उन्होंने कोरोना वैक्सीन बनाने वाली निजी कंपनी का हवाला दिया।अखिलेश ने कहा कि आउटसोर्सिंग का ये विचार तत्काल त्यागा जाए और उप्र के युवाओं को नियमित, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सीधी नियुक्ति प्रक्रिया के माध्यम से नौकरी दी जाए। उन्होंने तंज कसा कि भाजपा किसी दिन सरकार को ही आउटसोर्स न कर दे।

### यूपी पुलिस में भी अग्निवीर की तरह भर्ती की कोशिश : प्रियंका



कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने यूपी पुलिस द्वारा गोपनीय पदों पर आउटसोर्सिंग के जरिए भर्ती किए जाने का पत्र पहले जारी करने और फिर वापस लेने पर सरकार से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अग्निवीर की तरह यूपी पुलिस में भी भर्ती करना चाहती है। उन्हें इस बारे में स्पष्ट जवाब देना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग के जरिये भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा सरकार ने अग्निपथ योजना लाकर हमारी सेना और युवाओं का भविष्य दोनों कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल करने का प्रयास चल रहा है। भाजपा की सरकारें देश की हर एक संस्था को बेहतर बनाने की जगह उन्हें कमजोर करने का काम कर रही हैं।

### प्रदेश की सुरक्षा से मजाक : संजय सिंह



आम आदमी पार्टी (आप) के प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने एक बार फिर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। पुलिस भर्ती को लेकर उन्होंने अपना वीडियो संदेश सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि पहले देश की सेना में अग्निवीर के जरिए ठेके पर जवान भर्ती किए गए। अब उत्तर प्रदेश में पुलिस की भर्ती ठेके पर होने जा रही है। यह देश और उत्तर प्रदेश की सुरक्षा के साथ मज़ाक है। संजय सिंह ने कहा कि यूपी में इससे पहले पुलिस भर्ती पेपर लीक से 60 लाख बच्चों का भविष्य बर्बाद हुआ। अभी इसकी जांच चल ही रही थी कि अब ठेके पर पुलिस की भर्ती होने वाली है। प्रदेश की सुरक्षा के साथ जैसा मजाक किया जा रहा है, वैसा गुजरात में भी किया गया है। गुजरात में भी ठेके पर पुलिस की भर्ती की जाती है। क्या गुजरात का मॉडल यूपी में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह फैसला तुरंत वापस लेना चाहिए। क्योंकि अगर पुलिस की भर्ती ठेके पर होने लगी तो वह न ही जनता के प्रति जवाब देह रहेंगे और न ही सरकार के प्रति।

# झांसा देकर बीजेपी ने जीतीं लोकसभा सीटें : रोहिणी

## » बोलीं- नीतीश से हम लोग बस आशीर्वाद मांग रहे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क




**पटना। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की बेटी रोहिणी आचार्य सारण लोकसभा सीट से हार के आठ दिन बाद वह सिंगापुर रवाना हो गई। इससे पहले केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के नाम पर बिहार को कुछ नहीं मिला। वहीं सीएम नीतीश कुमार के चंद्र बाबू नायडू के शपथ ग्रहण समारोह में नहीं जाने पर उन्होंने कहा कि उनकी तबीयत खराब होगी। इसलिए नहीं गए होंगे उनको आराम करने दीजिए।**

सीएम नीतीश कुमार को फिर अपने साथ लाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि हम क्यों लेकर आएंगे। वह बड़े हैं। उनसे आशीर्वाद हमलोग मांग रहे हैं। अब चाचा जी कब आएंगे? आप उनसे ही पूछिए। हमलोग तो उनके बाल बच्चे हैं। उनसे आशीर्वाद मांग रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सच्चाई सामने आ गया न। यही बात विपक्ष के लोग बोलते थे। जनता से इन लोगों ने कितने वादे किए थे। फिर से झुनझुना थमा दिया गया। यह बात बिहार की जनता भी बोल रही है। एनडीए झांसा देकर गए थे फिर से सारे वादे हवा-हवाई हो गए। उनके सभी वादे झूठे थे इसीलिए बिहार में मंत्रिमंडल में कोई भी बड़ा विभाग नहीं मिला।

बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी




# छह माह बीत गये, नहीं बढ़ी एमएसपी : कमलनाथ

## नाथ का शिवराज से सवाल- गेंहू पर 2700 रु. प्रति क्विंटल देने से क्यों पीछे हट रही सरकार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मध्य प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने छह महीने बीत चुके हैं और अब तो केंद्र में नई सरकार का गठन भी हो चुका है तथा आचार संहिता भी समाप्त हो चुकी है। इसके बावजूद भारतीय जनता पार्टी ने अब तक किसानों से किया अपना कोई वादा नहीं निभाया है।**



भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि प्रदेश में किसानों को गेहूं का एमएसपी 2700 रुपया प्रति क्विंटल और धान का एमएसपी 3100 रुपया प्रति क्विंटल दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव और नवनियुक्त केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से पूछना चाहता हूं कि अब वह कौन सी वजह है जिस कारण भाजपा मध्य प्रदेश के किसानों से किया अपना वादा नहीं निभा रही है। पूर्व सीएम ने कहा कि जब चुनाव में भाजपा यह वादा कर रही थी तो शिवराज जी खुद मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री थे। जो वादा उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए किया है, उसे निभाने में कृषि मंत्री के रूप में वर्तमान मुख्यमंत्री की सहायता करना उनका कर्तव्य है।

### तानाशाह का अहम व वहम दोनों दूर कर देती है लोकतंत्र की ताकत : कुमारी सैलजा

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, उत्तराखंड की प्रभारी एवं सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का पड़ाव पार कर दिया है। अभी हरियाणा में अगला पड़ाव पार और करना है, सब मिलजुल कर रहें, प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी। जो कल तक किसी को अपने पास में खड़ा तक नहीं होने देते थे, आज वो दूसरे लोगों का हाथ पकड़कर चल रहे है और उन्हें गले लगा रहे है। यहीं लोकतंत्र की ताकत है, जो अच्छे-अच्छे तानाशाह का अहम और वहम दोनों दूर कर देती है। वे वीरवार को धन्यवादी दौरे में टोहाना के मैरिज पैलेस में आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने पहुंची थी।



# नीट परीक्षा लेने वाली प्राइवेट एजेंसी को हटाएं : पप्पू यादव

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**पटना। पूर्णिया के नवनिर्वाचित सांसद पप्पू यादव ने एक बार फिर से नीट परीक्षा पर सवाल उठाया। साथ ही केंद्र सरकार और प्राइवेट एजेंसियों पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा प्राइवेट एजेंसी द्वारा नहीं करवाई जाए। पहली प्रमुख मांग यह है कि जो भी प्राइवेट एजेंसी हायर की गई है, उसकी जांच करवाई जाए।**

साथ ही प्राइवेट एजेंसी को परीक्षा लेने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। चाहे वह जय शाह का हो या किसी और का। जिस दिन लोकसभा का परिणाम आया, उस दिन नीट परीक्षा का रिजल्ट जारी किया गया। एक ही जगह के 68 बच्चों का रिजल्ट देना संदेहास्पद है। पटना और हजारीबाग में कई ऐसे उदाहरण हैं, जहां एक लॉज में अगर 12 बच्चे हैं तो उन्हें एक ही नंबर आया है।



# दक्षिण में आस देख रही है बीजेपी!

# उत्तर में बढ़ा कांग्रेस का जनाधार

» मोदी 3.0 की कैबिनेट में दिखा साउथ का असर

» टीडीपी के सहारे चलेगी एनडीए सरकार

» तमिलनाडु में भाजपा का बुरा हश्र

» दिग्गज भी नहीं कर सके कमाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। भाजपा की हार पर हर तरफ चर्चा हो रही है। हो भी क्यों न जो भाजपा 2014, 19 की लोकसभा में प्रचंड बहुमत की सरकार बनाकर मनमानी कर रही थी इस बार 240 पर सिमट कर बहुमत से दूर गई और अब दूसरों के सहारे सत्ता चला रही है उसकी हार पर सवाल तो उठेंगे। इसके लिए वह स्वंय जिम्मेदार है क्योंकि उसी ने चार सौ पार का नारा दिया था। हालांकि उसके इस नारे की आलोचना अब उसके सहयोगी दल भी करने लगे हैं। उनका मानना है इस नारे की वजह से कई सीटे हारे क्योंकि जनता ने इसका गलत मतलब समझा।

खैर जो भी हुआ वह उत्तर भारत में नुकसान उठाने वाली बीजेपी का संतोष इस बात पर है कि दक्षिण में उसकी सीटें पहले की तरह ही बरकरार रही हैं। उसका केरल में खाता तो खुला ही साथ कुछ वोटिंग प्रतिशत में इजाफा भी हुआ फिर भी वे इंडिया गठबंधन से काफी पीछे रही। सबसे ज्याद मेहनत भाजपा ने तमिलनाडु में की थी, पर उसकी वहां पर दाल नहीं गली और डीएमके का जलवा बरकरार रहा। वहां पर बीजेपी के लिए अन्नामलाई ने राज्यव्यापी यात्रा निकाली थी तो उनको भारी जन समर्थन मिला था। यही नहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों में भी खूब भीड़ उमड़ रही थी। प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में कई रोड़ शो भी किये जिसमें उमड़ा जनसैलाब भाजपा की उम्मीदों को लगातार बढ़ा रहा था। पर आखिर में कोई लाभ नहीं हुआ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनावों में इस बार दक्षिणी राज्यों खासकर तमिलनाडु और केरल में काफी चुनाव प्रचार किया था। यही नहीं, चुनावों से पहले भी वह जिस तरह लगातार इन राज्यों का दौरा कर रहे थे उसके चलते भाजपा आलाकमान को विश्वास था कि इस बार दक्षिण में भी खूब कमल खिलेंगा, लेकिन ऐसा हो नहीं सका। हालांकि केरल में त्रिशूर सीट जीत कर भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोल लिया लेकिन तमिलनाडु में वह इस बार भी खाली हाथ ही रही। तमिलनाडु में भाजपा का जो हश्र हुआ है उसके चलते अब पार्टी में अंदरूनी घमासान भी देखने को मिल रहा है। वैसे चुनावों के समय ही यह दिख रहा था कि वहां द्रमुक के नेतृत्व वाला गठबंधन ही सबसे आगे है लेकिन भाजपा के इतने बुरे हाल की कल्पना किसी ने नहीं की थी।

भाजपा ने इस बार चुनाव में अपने कई दिग्गजों को उतार दिया था और उन्होंने जिस मेहनत के साथ चुनाव प्रचार किया उससे लग रहा था कि भाजपा चार या पांच सीटों पर जीत सकती है। लेकिन परिणाम भाजपा के लिए बेहद निराशाजनक रहे। हम आपको बता दें कि एक लोकसभा सीट नागापट्टिनम में तो भाजपा चौथे स्थान पर जा पहुंची। साथ ही भाजपा जिन 23 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ी थी उसमें से उसने 11 पर अपनी जमानत गंवा दी। यही नहीं, भाजपा के सहयोगी दलों- आईजेके, पीएमके, तमिल मनीला कांग्रेस (टीएमसी) और एएमएमके ने भी दस सीटों पर अपनी जमानत गंवा दी। यह परिणाम दर्शाता है कि भाजपा और उसके गठबंधन दलों का सारा चुनाव प्रचार हवा-हवाई ही था, जमीन पर कुछ था ही नहीं।

### द्रविड़ राजनीति वाले राज्य में भाजपा का इंतजार और लंबा

तमाम एग्जिट पोलों ने भविष्यवाणी की थी कि भाजपा राज्य में कम से कम 2-3 सीटें जीतकर तमिलनाडु के राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश करेगी। लेकिन चुनाव परिणामों ने दर्शाया है कि द्रविड़ राजनीति वाले राज्य में लोकसभा सीट जीतने का भाजपा का इंतजार और लंबा हो गया है। भाजपा ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अन्नामलाई के जरिये तमिलनाडु में अपना आधार बढ़ाने की जो रणनीति बनाई थी वह कामयाब नहीं हो पाई। अन्नामलाई तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हार गये थे और अब वह कोयम्बटूर से लोकसभा चुनाव भी हार गये हैं। हम आपको बता दें कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य भर में 23 उम्मीदवार उतारे थे। पार्टी ने 19 निर्वाचन क्षेत्रों में अपने उम्मीदवार उतारे थे और शेष चार पर अपने सहयोगियों को कमल के निशान के तहत चुनाव लड़ाया था। लेकिन पार्टी एक भी सीट नहीं जीत पाई। हालांकि, पार्टी ने 2019 के लोकसभा चुनावों में मिले वोट शेयर 3.38 प्रतिशत को इस बार बढ़ाकर 11.24 प्रतिशत कर लिया है जोकि कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन है। कांग्रेस का इस चुनाव में वोट प्रतिशत 10.67 रहा है। माना जा रहा है वोट शेयर में यह उल्लेखनीय वृद्धि 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में भाजपा की मदद कर सकती है।




## अन्नामलाई का अन्नाद्रमुक से मनमुटाव पड़ा भारी

चुनाव परिणामों के बाद सवाल उठ रहा है कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन तोड़ना और अकेले चुनाव लड़ने का फैसला कहीं गलत तो नहीं था? इस सवाल को लेकर प्रदेश भाजपा के कई वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि अन्नामलाई ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह किया। इन नेताओं का कहना है कि अगर अन्नाद्रमुक के साथ चुनाव लड़े होते तो स्थिति कुछ और होती। इन नेताओं का कहना है कि यदि अन्नाद्रमुक साथ होती तो तमिलनाडु में भाजपा का उभार होता तथा भाजपा के पास इस दक्षिणी राज्य से भी लोकसभा सीटें होतीं जिनकी आज बेहद जरूरत है। इन नेताओं का कहना है कि अन्नाद्रमुक से संबंध तोड़ने का फैसला हमारे लिये घातक सिद्ध हुआ है। भाजपा प्रदेश बौद्धिक प्रकोष्ठ के प्रमुख कल्याण रमन ने तो एक्स पर पोस्ट करके अन्नामलाई पर सीधा-सीधा आरोप भी लगा दिया है कि उन्होंने केंद्रीय नेतृत्व को सही बात नहीं बताई। उनका यह भी कहना है कि भाजपा ने चुनाव का संचालन भी ठीक से नहीं किया और पार्टी का वार रूम सिर्फ अन्नामलाई के इर्दगिर्द माहौल बनाने में लगा हुआ था।

### 'गलतियां हुईं उसकी समीक्षा की जायेगी'



दूसरी ओर, अन्नामलाई की बात करें तो वह लोकसभा चुनाव परिणाम के बारे में यह तो मान रहे हैं कि भाजपा को उम्मीद के मुताबिक मत नहीं मिले लेकिन वह यह भी कह रहे हैं कि अन्नाद्रमुक को राज्य की जनता ने खारिज कर दिया है। उन्होंने 2026 में तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के दौरान भी अन्नाद्रमुक से किसी प्रकार के गठबंधन की संभावना को खारिज कर दिया है। वह कह रहे हैं कि हमसे जहां गलतियां हुईं उसकी समीक्षा की जायेगी और यह देखा जायेगा कि पार्टी को कैसे नये सिरे से खड़ा किया जा सकता है। वह अब भी इस बात के पक्षधर हैं कि भाजपा को राज्य में अपने बलबूते ही पैरों पर खड़ा होना चाहिए।

## विस में भी पड़ेगा असर

हम आपको यह भी याद दिला दें कि 2021 के तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा का अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन था। उस दौरान भाजपा को चार विधानसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी। भाजपा का 2014 के लोकसभा चुनावों के दौरान भी जयललिता के नेतृत्व वाले अन्नाद्रमुक के साथ गठबंधन था। उस दौरान 39 लोकसभा सीटों में से अन्नाद्रमुक को 37 और भाजपा तथा उसकी सहयोगी पीएमके को दो सीटें हासिल हुई थीं। बहरहाल, अब देखना होगा कि भाजपा तमिलनाडु में पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा करेगी तो क्या अन्नामलाई के एकला चलो वाले फैसले के साथ खड़ी रहेगी या गठबंधन के जरिये राज्य में अपनी राजनीतिक यात्रा को आगे बढ़ायेगी।

## मोदी कैबिनेट में बढ़ी दक्षिण राज्यों की भागीदारी

दक्षिण में भाजपा के गढ़ों में से एक कर्नाटक में, हालांकि भाजपा-जद(एस) गठबंधन 19 सीटें जीतने में कामयाब रहा, लेकिन भाजपा अपने 2019 के चुनावी प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकी। मोदी 3.0 में कर्नाटक से चार मंत्रियों को शामिल किया गया है, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) नेता एचडी कुमारस्वामी भी शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पिछले कुछ समय से दक्षिणी भारतीय राज्यों में अपनी पैठ बनाने की पूरी कोशिश कर रही है। इसकी एक झलक मोदी 3.0 के कैबिनेट गठन में भी देखने को मिली। जहां एनडीए ने पांच दक्षिणी राज्यों से 13 मंत्रियों को अपनी केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करके अपने मिशन साउथ की पुष्टि की है। वित्त और विदेश मामलों के चार बड़े प्रमुख मंत्रालयों में से दो के अलावा, दक्षिणी राज्यों के मंत्रियों को विमानन और भारी उद्योग के कैबिनेट पद भी मिले हैं। जहां एनडीए को हिंदी पट्टी में 54 सीटों का नुकसान हुआ, वहीं वह दक्षिण भारत की 129 लोकसभा सीटों में से 51 सीटें हासिल करने में सफल रही। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने दक्षिणी राज्यों में 30 सीटें जीतीं। उस चुनाव में जेडीएस और टीडीपी एनडीए का हिस्सा नहीं थे। केरल के त्रिशूर ने इतिहास रच दिया जब सुरेश गोपी ने यह सीट जीतकर राज्य से पहले भाजपा सांसद बन गए। दूसरी ओर, तमिलनाडु में, अन्नामलाई के नेतृत्व में चलाए गए एक उत्साही अभियान के बाद भगवा पार्टी को कोई फायदा नहीं हुआ।

## दक्षिण के अन्य राज्यों पर भी फोकस

इस बार भाजपा को कर्नाटक से काफी उम्मीदें थी क्योंकि उसने जद(एस) से गठबंधन किया था। लेकिन फिर भी बीजेपी को कर्नाटक में नुकसान उठाना पड़ा और एनडीए गठबंधन 19 सीटें ही हासिल कर सका। अब मोदी 3.0 में कर्नाटक से चार मंत्रियों को शामिल किया गया है, जिनमें जनता दल (सेक्युलर) के नेता एचडी कुमारस्वामी भी शामिल हैं। भाजपा के प्रह्लाद जोशी को उपभोक्ता मामले और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री बनाया गया है। वी सोमन्ना और शोभा करंदलाजे को भी मंत्री पद दिया गया है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश में बीजेपी, तेलुगु देशम पार्टी और जनसेना पार्टी गठबंधन ने शानदार प्रदर्शन किया है। चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी ने 25 लोकसभा सीटों में से 16 सीटें जीतीं। बीजेपी ने तीन सीटें जीती हैं, जबकि पवन कल्याण की जनसेना पार्टी ने दो सीटें जीती हैं। यहां से तीन मंत्रियों को मोदी 3.0 में जगह दी गई है। किंजरापु राममोहन नायडू कैबिनेट मंत्री के रूप में नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार संभालेंगे। टीडीपी के पेम्मासानी चंद्र शेखर और भाजपा के भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा को राज्य मंत्री बनाया गया है। वहीं तेलंगाना से जहां भाजपा ने 17 लोकसभा सीटों में से 8 सीटें जीतीं, मोदी 3.0 में दो मंत्री होंगे। जी किशन रेड्डी कोयला और खान मंत्रालय के प्रमुख होंगे, वहीं बंदी संजय कुमार को गृह राज्य मंत्री बनाया गया है। हालांकि तमिलनाडु के पार्टी अध्यक्ष के अन्नामलाई के नेतृत्व में भाजपा अपना खाता नहीं खोल सकी, लेकिन विदेश और वित्त जैसे प्रमुख कैबिनेट मंत्रालयों को क्रमश: एस जयशंकर और निर्मला सीतारमण ने बरकरार रखा है, जो दोनों दक्षिणी राज्य से आते हैं। राज्यसभा सांसद एल मुरुगन को सूचना एवं प्रसारण और संसदीय कार्य राज्य मंत्री के रूप में शामिल किया गया है। केरल से अभिनेता-राजनेता सुरेश गोपी को राज्य मंत्री के रूप में पर्यटन और पेट्रोलियम मंत्रालय सौंपा गया है, जबकि 1980 के दशक के भाजपा सदस्य जॉर्ज कुरियन को अल्पसंख्यक मामले, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी राज्य मंत्री बनाया गया है। विभागों के आवंटन से पता चलता है कि भाजपा ने दक्षिण पर अपना ध्यान बरकरार रखा है, और यह महत्वपूर्ण है क्योंकि यह केवल उत्तर और पश्चिम की पार्टी होने की कहानी को नष्ट करने की कोशिश करती है।



Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# इस बार बदली नजर आएगी संसद की रंगत

*18वीं लोकसभा बन चुकी है। उसके सत्र की तारीखें भी घोषित हो गई हैं। इस बार लोकसभा के अंदर का नजारा पिछली 17वीं लोकसभा से भिन्न होगा। पिछले लोकसभा में विपक्ष अपेक्षा कृत कमजोर था। वहीं सत्ता पक्ष में बैठी भाजपा 303 सीटों व अपने सहयोगियों की सीटों को मिलाकर बहुमत से बहुत आगे थी। इसलिए पिछले पांच साल के कार्यकाल में वह मनमानी करती रही। इस बीच उसने विपक्ष के कई सदस्यों को सत्र के दौरान बाहर तक निकलवाया। इस दौरान कई बिल भी उसने विपक्ष की अनुपस्थिति में पास करवाए। इस लोकसभा में बीजेपी को मात्र 240 सीटे मिलीं और वह बहुमत से बहुत पीछे रह गई। हालांकि सहयोगियों की बैसाखी के सहारे वो सरकार बना चुकी है। खैर ये सब बातें तो हो गईं। अब सरकार ने संसद का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक करवाने का फैसला किया है।*

*इसलिए दोनों ही पक्षों से उम्मीद की जानी चाहिए कि 18वीं लोकसभा का आने वाला सत्र सुचारू रूप से चलेगा और जनता के मुद्दों पर संसद को संज्ञान में लेगा। विपक्ष इस बार मजबूत हुआ है इसलिए उसकी जिम्मेदारी भी है कि वह सरकार की गलत नीतियों पर समय-समय पर अंकुश लगाता रहे। ताकि सत्ता पक्ष बेखौफ न हो जाए। गौरतलब है कि 24 जून से शुरू होने वाले पहले सत्र में कुल 8 बैठकें होंगी। इस सत्र में नए सदस्यों की शपथ होगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 27 जून को लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बारे में जानकारी दी। इस सत्र के पहले तीन दिन में नवनिर्वाचित सदस्य शपथ लेंगे तथा सदन के अध्यक्ष का चुनाव भी किया जाएगा। सत्र तीन जुलाई को संपन्न होगा। राज्यसभा का 264वां सत्र 27 जून को शुरू होगा और तीन जुलाई को संपन्न होगा। समझा जाता है कि प्रधानमंत्री मोदी 27 जून को राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद में अपने मंत्रिपरिषद के सदस्यों का परिचय देंगे। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान आक्रामक विपक्ष द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश की जा सकती है। प्रधानमंत्री संसद के दोनों सदनों में, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देंगे। इस बार उम्मीद की जानी चाहिए कि सत्र सकारात्मक रूप से आयोजित होंगे, किसी प्रकार का हंगामा नहीं होगा।*

**"इस लोकसभा में बीजेपी को मात्र 240 सीटे मिलीं और वह बहुमत से बहुत पीछे रह गई हालांकि सहयोगियों की बैशाखी के सहारे वी सरकार बना चुकी है। खैर ये सब बातें तो हो गई अब सरकार चूकि संसद का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई तक करवाने का फैसला किया है। इसलिए दोनों ही पक्षों से उम्मीद की जानी चाहिए 18वीं लोक सभा का आने वाला सत्र सुचारू रूप से चलेगा और जनता के मुद्दों पर संसद को संज्ञान में लेगा।**

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# भारतीय कूटनीतिक पहल पर चीन की निगरानी

पुष्परंजन

करीब 15 माह तक दिल्ली स्थित चीनी दूतावास में राजदूत का पद खाली रहा। 31 मई, 2024 को राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने जू. फेइहोंग को भारत में नया राजदूत नियुक्त किया। बताते हैं कि नई नियुक्ति के फौरन बाद आदेश आया कि चीनी प्रभाव वाले जिन देशों के शासन प्रमुखों को प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे शपथ समारोह के लिए आमंत्रित किया गया है, उन्हें मॉनिटर करो, और पूरी रिपोर्ट चीनी विदेश मंत्रालय को भेजो। अफगानिस्तान और रोमानिया में राजदूत रहे जू. फेइहोंग के लिए बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना, सेशेल्स के उप-राष्ट्रपति अहमद अफीफ, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद कुमार जगन्नाथ, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहाल 'प्रचंड' और भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे को एक साथ मॉनिटर करना कोई आसान टास्क नहीं था।

इन सबमें चीन की सबसे अधिक दिलचस्पी मोहम्मद मुइज्जू में थी। एक संदेहास्पद अतिथि। राष्ट्रपति भवन में पीएम मोदी से मुइज्जू के बगलगीर होने से सबने मतलब निकाल लिया कि मालदीव से रिश्तों के अच्छे दिन बस आने ही वाले हैं। मई महीने में मालदीव के विदेशमंत्री मूसा जमीर ने भारत का दौरा किया था। तब भारत ने घोषणा की थी कि वह मालदीव को ट्रेजरी बिल के रूप में दिए जाने वाले 50 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण की परिपक्वता तिथि को एक और वर्ष बढ़ा देगा, ताकि माले को ऋण चुकाने के लिए और अधिक समय मिल सके। लेकिन माले में खेल कुछ और चल रहा था। पब्लिक ब्रॉडकास्टर 'पीएसएम' के तीन पत्रकार मुइज्जू के साथ दिल्ली आये थे। मगर, मोदी की शपथ का लाइव कवरेज दिखाने पर तत्काल रोक का आदेश हुआ। बाद में 'पीएसएम' की उपप्रबंध निदेशक यामीन रशीद ने कहा, 'हमने इसे लाइव करने का फैसला कभी नहीं किया। यह पूरी तरह से झूठी खबर है।' तो फिर पत्रकार और कैमरा टीम किसलिए दिल्ली भेजे? इसका कोई जवाब नहीं है।

3 जून, 2024 को संसद की सुरक्षा सेवा समिति, जिसे 'पार्लियामेंट 242 कमेटी' भी कहते हैं, की पहली बैठक हुई, जिसके 13 सदस्यों ने अहमद सलीम को चेयरमैन चुना। अगले दिन इसकी दूसरी बैठक के बारे में खबर आई कि भारत से हुए चार समझौतों की



जांच समिति करेगी, जिनमें भारत और मालदीव के बीच हाइड्रोग्राफी समझौता, भारतीय सहायता से बनाया जा रहा उथुरु थिलाफल्हू (यूटीएफ) डॉकयार्ड, साथ ही मानवीय खोज और बचाव कार्यों के लिए मालदीव रक्षा बलों को भारत द्वारा उपहार में दिया गया डोर्नियर विमान शामिल हैं। मुइज्जू इसके पांच दिन बाद दिल्ली पधारे थे। इस जांच की मांग मुइज्जू के प्यादे सांसद अहमद अजान ने की थी। वह 'इंडिया आउट अभियान' का सदस्य रहा है, और एक पोर्टल भी चलाता है। मुइज्जू एक विमुख व्यवहार वाले नेता हैं, जिन पर भरोसा करना कूटनीतिक भूल होगी। मुइज्जू सोमवार को दिल्ली से माले लौटे, यात्रा को सकारात्मक बताया। लेकिन उसके अगले दिन 'चाइनीज पीपुल्स पॉलिटिकल कंसल्टेटिव कॉन्फ्रेंस' के उपाध्यक्ष मिस्टर बैटर तीन दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर माले आ चुके थे। माले इस समय साजिशों का अधिकेंद्र बना हुआ है, इस बात को साऊथ ब्लॉक जितनी जल्दी समझ ले, वह भारत के हित में बेहतर होगा। मालदीव-भारत संबंधों को दुरुस्त करने की राह में जितने सारे कांटे हैं, उनमें मुक्त व्यापार समझौता भी है। नवंबर 2017 में मालदीव की संसद ने चीन-मालदीव मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को मंजूरी दे दी, जिससे यह पाकिस्तान के बाद दक्षिण एशिया में चीन के साथ ऐसा समझौता करने वाला दूसरा देश बन गया। इसे ठीक से समझना चाहिए कि चीन-पाक का साझा खेल मुइज्जू के सत्ता में आने के पहले से चल रहा था। नेपाल, चीन की वन बेल्ट वन रोड इनिशिएटिव (ओबीओआर) को कार्यान्वित नहीं कर रहा है। 12 मई, 2017 को नेपाल और चीन ने वन बेल्ट वन रोड समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसे बाद में 'बीआरआई' या 'ओबीओआर' के नाम से जाना गया। यह चीनी राष्ट्रपति शी की महत्वाकांक्षी योजना है, जिसे हर तीन साल पर नवीनीकरण करने पर सहमति बनी थी।

अब, जब ओबीओआर कार्यान्वयन योजना पर हस्ताक्षर ही नहीं हुए, नवीनीकरण तो दूर की कौड़ी है। नेपाल में इस बारे में कोई स्पष्टता नहीं है, जिस वजह से ऊर्जा से लेकर अधोसंरचना तक की कई परियोजनाएं अटकी पड़ी हैं। प्रचंड की दिल्ली यात्रा पर चीनी नजर इसलिए थी कि ओबीओआर में कोई पेंच फंसाने की कोशिश न हो रही हो। 27 मार्च, 2024 को चीनी राष्ट्रपति शी जिनफिंग ने 'ग्रेट हॉल ऑफ द पीपुल' में श्रीलंका के प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्द्धने से मुलाकात की।

# सियासी खींचतान में फंसी प्यासी दिल्ली



ज्ञानेन्द्र रावत

**मतदान के दो से तीन दिन पहले इसे 91 क्यूसेक तक कम कर दिया गया। बीते चार दिनों से केवल 985 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हिमाचल अतिरिक्त पानी भी छोड़ने को तैयार है। जहां तक मुनक नहर की मरम्मत और रखरखाव का सवाल है, इसका ठीकरा दिल्ली सरकार पर फोड़ना सही नहीं लगता। नहर की मरम्मत और उसके रखरखाव का जिम्मा हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग का है।**

दिल्ली पीने के पानी के संकट से जूझ रही है। वैसे तो दिल्लीवासियों को हर साल भीषण गर्मी के दौरान पानी की भारी किल्लत से जूझना पड़ता है। विडम्बना यह है कि दिल्ली सरकार और दिल्ली के उपराज्यपाल के बीच जारी रस्साकसी का खमियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। हालत यह है कि दिल्ली की जल मंत्री कभी दिल्ली के उपराज्यपाल को और कभी हरियाणा सरकार को दोषी ठहरा रही है। वहीं उपराज्यपाल जल संकट के लिए पानी की चोरी और बर्बादी को मुख्य कारण बता रहे हैं। इस बाबत हिमाचल के मुख्यमंत्री का कहना है कि हिमाचल दिल्ली सरकार के साथ किए गये समझौते के तहत दिल्ली को पानी देने के लिए प्रतिबद्ध है। जबकि सुप्रीम कोर्ट में हरियाणा सरकार द्वारा दिये गये शपथ पत्र के आंकड़ों से दिल्ली की जल मंत्री के कथन को बल मिलता है कि दिल्ली को उसके हिस्से का पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है।

वहीं दिल्ली के उपराज्यपाल का कहना है कि हरियाणा दिल्ली को पूरा पानी दे रहा है। उनका दावा है कि दिल्ली सरकार मुनक नहर की मरम्मत नहीं करा रही है और वह टैंकरों के जरिये पानी की चोरी करवा रही है। सवाल यह है कि जब हरियाणा द्वारा दिल्ली को पूरा पानी दिया जा रहा है तो दिल्ली पानी की किल्लत क्यों झेल रही है। दरअसल, यह मसला भाजपा और आप के राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई में उलझा हुआ है। जिसमें दिल्ली की जनता पिसने को मजबूर है। इसी के चलते दिल्ली के अनेक विकास कार्य भी लटके पड़े हैं। हां, इतना जरूर है कि इस सबके लिए वह चाहे निगम का मसला हो, मोहल्ला क्लीनिक का मसला हो, स्कूलों का हो या फिर जनहित के कार्यों या फिर बजट या अधिकारों का हो, केन्द्र की भाजपा सरकार, दिल्ली के उपराज्यपाल और दिल्ली की आप सरकार एक-दूसरे के सिर पर ठीकरा फोड़ती रही हैं।

हकीकत यह है कि दिल्ली को हरियाणा से कुल 1,050 क्यूसेक पानी मिलना चाहिए। एक मई से 22 मई तक हरियाणा मुनक नहर के कैरियर लाइन नहर यानी सीएलसी में 719 क्यूसेक और दिल्ली सब ब्रांच यानी डीएसबी नहर में 350 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। मतदान के दो से तीन दिन पहले इसे 91 क्यूसेक तक कम कर दिया गया। बीते चार दिनों से केवल 985 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर हिमाचल अतिरिक्त पानी भी छोड़ने को तैयार है। जहां तक मुनक नहर की मरम्मत और रखरखाव का सवाल है, इसका ठीकरा दिल्ली सरकार पर फोड़ना सही नहीं लगता। नहर की मरम्मत और उसके रखरखाव का जिम्मा हरियाणा सरकार के सिंचाई विभाग का है। हकीकत में मुनक नहर से पानी बवाना लाया जाता है।

बवाना से पहले यदि पानी की चोरी होती है तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? लेकिन दिल्ली भाजपा अध्यक्ष का कहना है कि दिल्ली सरकार के संरक्षण में पानी की चोरी अब भी जारी है जिसकी वजह से दिल्ली की जनता पानी का संकट झेल रही है। उनकी मानें तो मुनक नहर से काकोरी आते-आते 20 फीसदी पानी की चोरी हो रही है। कम पानी आने से वजीराबाद जलाशय का स्तर सामान्य से पांच फीट नीचे आ जाना खतरे का संकेत है। दिल्ली में जगह-जगह लगाये गये वाटर एटीएम के जरिये भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के दावे खोखले साबित हुए हैं। हकीकत यह है कि वे खराब पड़े हैं। कहीं तो वे ठीक से काम ही नहीं कर रहे हैं, कहीं उन पर ताले लटके हैं। जहां तक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट की बात है, हाल फिलहाल नौ वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी क्षमता से ज्यादा काम कर रहे हैं। असली समस्या तो पानी की मांग और उपलब्धता की है। दिल्ली में पानी की मांग 1296 एमजीडी से 1300 एमजीडी तक है लेकिन सप्लाई केवल 998.8 से 1000 एमजीडी ही है। स्वाभाविक है 300 एमजीडी पानी की कमी तो बरकरार रहती ही है।

जल संकट के मद्देनजर कुल 587 ट्यूबवैल लगाने की योजना थी। पहले चरण में इनमें से कुछ सक्रिय भी हैं, जिनसे 19 एमजीडी पानी मिल रहा है। जबकि दूसरे चरण में 2590 ट्यूबवैल के लिए 1800 करोड़ की राशि की दरकार थी जिसकी अभी तक मंजूरी नहीं मिली है। फिर दिल्ली सरकार के जल बोर्ड की क्षमता केवल 90 करोड़ गैलन पानी के ट्रीटमेंट की ही है। दरअसल, दिल्ली सरकार पानी के ट्रीटमेंट और स्टोरेज पर पूरी तरह ध्यान नहीं दे पा रही है। ऐसी स्थिति में दिल्ली सरकार दिल्लीवासियों की पानी की जरूरत कैसे पूरी कर पायेगी। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार से पानी की बर्बादी रोकने की बाबत योजना पेश करने का निर्देश दिया है। उस स्थिति में जबकि तकरीबन 40-50 साल पुरानी पाइप लाइन लीकेज और जगह-जगह फटने से हजारों गैलन पानी की बर्बादी रोजमर्रा की बात है, आने वाले दिनों में दिल्ली वाले पानी के संकट से कैसे निजात पायेंगे।

# रोजाना 10 मिनट करें ये योगासन

# तनाव कम और दिमाग रहेगा शांत



## बालासन



स्ट्रेस को कम करने के लिए बालासन योग का अभ्यास कर सकते हैं। बालासन न सिर्फ मानसिक तनाव को कम करता है, साथ ही शारीरिक तनाव को भी कम कर सकता है। बालासन के अभ्यास से शरीर की स्ट्रेचिंग होती है और मूड बेहतर होता है। साथ ही स्ट्रेस लेवल कम हो सकता है। बालासन करने से घुटनों का दर्द दूर रहता है, साथ ही थकान से भी राहत मिलती है। बालासन करने से शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है, इसलिए अगर सीने में दर्द हो रहा हो और गर्दन में भी दर्द रहता हो तो इन परेशानियों से भी बालासन राहत दिलाता है। नियमित रूप से बालासन करने पर पीठ दर्द और पीठ के निचले हिस्से की मांसपेशियों में होने वाला दर्द यानी कूल्हों के दर्द से भी राहत मिलती है। लंबे समय तक लोग कुर्सियों में एक ही मुद्रा में बैठे रहते हैं, ऐसी दिनचर्या वालों को बालासन करने के फायदे हैं।

## मार्जरी आसन



मार्जरी आसन का नाम मार्जार शब्द पर रखा गया है। मार्जार का मतलब होता है बिल्ली। इस आसन में आप एक बिल्ली की तरह अपनी पीठ में खिचाव लाते हैं, और इस लिए इसे मार्जरी आसन नाम दिया गया है। तनाव को कम करने के लिए मार्जरी योग का अभ्यास कर सकते हैं। इस मुद्रा से सांस नियंत्रित होती है, जिससे दिमाग को शांति मिलती है। मार्जरी आसन के नियमित 10 मिनट अभ्यास से योगी तनाव मुक्त महसूस करते हैं। मार्जरी आसन रीढ़ की हड्डी और पेट के अंगों को एक सौम्य मालिश प्रदान करता है। मार्जरी आसन पीठ दर्द के लिए चिकित्सिए है। पीठ और गर्दन में खिचाव लाता है मार्जरी आसन। दमा के लिए चिकित्सिए है।

## सुखासन



तनाव को कम करने के लिए सुखासन का अभ्यास कर सकते हैं। करीब 10 मिनट सुखासन का अभ्यास कर सकते हैं। यह योग दिमाग को शांत कर सकता है, जिससे तनाव कम करने में मदद मिलती है। सुखासन के अभ्यास से ब्लड सर्कुलेशन भी अच्छा हो सकता है। सुखासन करने से डिप्रेशन और चिंता भी दूर होती है। सुखासन में हम अपने शरीर को बिना हिलाए डुलाए एक स्थिति में बैठते हैं। साथ ही साथ हमारे दोनों हाथ ज्ञान मुद्रा में होते हैं, हमारे विचारों को कंट्रोल करने में मदद करता है। सुखासन में हम लंबे समय तक बैठते हैं, इससे हमारे शरीर पर कंट्रोल मिलता है। यदि हमारा शरीर शांत होता है धीरे-धीरे इसका प्रभाव हमारे दिमाग पर पड़ता है।

सामाजिक दबाव, व्यस्त जीवन शैली और परिवार की मांगों की पूर्ति के प्रयास के परिणामस्वरूप अधिकतर लोगों को मानसिक तनाव, चिंता और अवसाद महसूस होने लगता है। इसके अलावा अकेलापन और उदासी भी मूड स्विंग का कारण बन सकता है। अनियमित खानपान, नियमित व्यायाम की कमी, अनिद्रा की समस्या के कारण मस्तिष्क थकान महसूस करने लगता है। इस कारण तनाव व चिंता बढ़ जाती हैं और अवसाद की समस्या हो सकती है। स्ट्रेस कम करने के लिए कुछ उपायों को अपना सकते हैं। नियमित व्यायाम, स्वस्थ खान-पान और पर्याप्त आराम मानसिक स्वास्थ्य को सुधारने में मदद कर सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रखने के लिए कुछ कारगर उपायों में से एक योगाभ्यास है। नियमित योगासनों के अभ्यास मन और मस्तिष्क शांत रहता है। कुछ योग हैं, जिनका अभ्यास रोजाना 10 मिनट करने से मानसिक विकार, तनाव, चिंता और मूड स्विंग को ठीक किया जा सकता है।

## हंसना मना है



टीचर-घर की परिभाषा बताओ। टीटू-जो घर हौसले से बनाये जाते हैं उसे हाऊस कहते हैं, जिन घरों में होम-हवन होते हैं उन्हें होम कहते हैं, जिन घरों में हवा ज्यादा चलती है उन्हें हवेली कहते हैं, जिन घरों में दीवारों के भी कान होते हैं उन्हें मकान कहते हैं, जिन घरों के लोन के इंस्टॉलमेंट भरते-भरते आदमी लेट जाता है उन्हें फ्लैट कहते हैं, और जिन घरों में यह भी न पता हो कि बगल के घर में कौन रहता है उन्हें बंगला कहते हैं, टीटू को स्टूडेंट ऑफ द इयर चुना गया।

टीचर-जो बेवकूफ है वो खड़ा हो जाये? पप्पू खड़ा हो गया, टीचर-तुम बेवकूफ हो? पप्पू-नहीं सर, आप अकेले खड़े थे ना तो मुझे अच्छा नहीं लगा।

एक क्लास में एक लड़की को सब बुआ-बुआ कहते थे.. एक दिन इस की शिकायत उसने अपने टीचर से कर दी, टीचर ने सब लड़को से पूछा...जो लड़के इस को बुआ कहते है वो सभी खड़े हो जाए...एक लड़के को छोड़ के सभी खड़े हो गये..टीचर ने पुछा-क्या तुम इस को बुआ नहीं कहते हो, लड़का बोला- सर मैं तो फूफाजी हूं..

अध्यापक- तुम कैसे सिद्ध करोगे कि साग-पात खाने वाले की निगाहें तेज होती हैं। छात्र -सर, आज तक किसी ने बकरे या घोड़े को चश्मा लगाते देखा है क्या?

## कहानी | बुद्धिमान राजा

सालों पहले एक नगर में एक बुद्धिमान राजा राज्य करता था। उनकी बुद्धि और होशियारी की चर्चा दूर-दूर तक थी। राजा कभी भी बिना सोचे-समझे कुछ नहीं कहता और न ही किसी आरोपी की बात सुने बिना उसे सजा सुनाता था। उसकी बुद्धिमत्ता के चर्चे सुनकर आसपास के राजा, रानियां और राजकुमारी आदि उनसे जलते थे। इसी जलन के चलते सभी उस राजा की बुद्धिमत्ता की परीक्षा लेने के लिए नए-नए तरीके अपनाते थे। हर बार राजा दूसरे राज्य के शासकों द्वारा ली गई परीक्षा में खरा उतर कर खुद को होशियार और योग्य राजा साबित करता था। एक दिन राजा की परीक्षा लेने के लिए एक राजकुमारी आई। उसके हाथों में दो फूलों की माला थी। दोनों माला में से एक असली फूल से बनी थी और दूसरी नकली से। उन दोनों मालाओं को देखकर उनका ये भेद बिल्कुल पता नहीं चल पाता था। इसी वजह से राजकुमारी ने राजा के सामने दोनों मालाएं रखकर पूछा कि हे राजन! अगर आप बुद्धिमान हैं, तो बताइए कि इनमें से कौन-सी माला असली है। राजदरबार में बैठे सभी दरबारी माला को देखकर हैरान थे, क्योंकि किसी को समझ नहीं आ रहा था कि असली फूलों की माला कौन-सी है। सभी इस सोच में थे कि राजा कैसे बता पाएंगे कि असली फूलों की माला कौन-सी है। राजा भी माला को देखकर परेशान होने लगे। उसी वक्त उनके दिमाग में कुछ तरकीब आई। उन्होंने तुरंत अपने एक सेवक से कहा कि बगीचे की खिड़कियों को खोल दो।' सेवक ने बगीचे की खिड़की को जैसे ही खोला, तो राजा ने देखा कि फूल में बैठी मधुमक्खियां खिड़कियों से राज दरबार में आ रही हैं। वो कुछ देर मधुमक्खियों को ही देखते रहे। जैसे ही एकात मधुमक्खी एक फूल की माला में बैठी, वैसे ही राजा ने कहा कि अब मैं बता सकता हूं कि असली माला कौन-सी है। राजा ने तुरंत उस माला की तरफ इशारा किया, जिसपर मधुमक्खी बैठ रखी थी। राजा की होशियारी देखकर दरबार में मौजूद सभी उनकी तारीफ करने लगे। सभी कहने लगे कि हर राज्य को आपके जैसे ही बुद्धमान राजा की जरूरत है। राजकुमारी भी राजा के बुद्धिमत्ता देखकर खुश हो गई। उसने भी बुद्धिमान राजा की तारीफ में कुछ शब्द कहे और वहां से अपने राज्य की ओर निकल पड़ी।

## 7 अंतर खोजें



## जानिए कैसा रहेगा कल का दिन



पंडित संदीप आत्रेय शास्त्री

लेखक प्रसिद्ध ज्योतिषविद हैं। सभी प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए कॉल करें-9837081951

**मेष**
बिगड़े काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृषभ**
धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

**मिथुन**
वाहन, मशीनरी व अग्नि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं।

**कर्क**
वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी।

**सिंह**
वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। व्यापार में वृद्धि होगी।

**कन्या**
स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा।

**तुला**
किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें।

**वृश्चिक**
आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा।

**धनु**
आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा।

**मकर**
जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे।

**कुम्भ**
कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन**
आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी।

बॉलीवुड | मन की बात

# मुझे पहले भी कई बार मिले थे राजनीति के प्रस्ताव: कंगना



कंगना रनौत ने एक सफल अभिनय करियर के बाद अब राजनीति में धमाकेदार आगाज किया है। एक्ट्रेस ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र से आम चुनाव जीता है। अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना ने बताया कि कैसे पहली फिल्म गैंगस्टर के बाद उनसे राजनीति में शामिल होने के लिए कहा गया था और कैसे वह एक सांसद के रूप में अपने कर्तव्यों के साथ फिल्मों में अपने काम करने की योजना बना रही हैं। कंगना रनौत ने हाल में एक इंटरव्यू में बताया कि उनके परिवार के विभिन्न सदस्यों से काफी पहले स्थानीय राजनीतिक नेताओं ने संपर्क किया था। एक्ट्रेस ने कहा कि, यह पहली बार नहीं है जब मुझसे राजनीति में शामिल होने का न्योता मिला था, मुझे पहले भी प्रस्ताव मिले हैं। गैंगस्टर के तुरंत बाद, मुझे टिकट देने की बात हुई थी। मेरे परदादा कम से कम तीन बार विधायक रहे। जब आप ऐसे परिवार से होते हैं और कुछ सफलता का स्वाद चखते हैं, तो स्थानीय नेता आपसे संपर्क करते हैं। यह कॉमन बात है। कंगना ने कहा कि, दरअसल, मेरे पिता को भी ऑफर मिला था। एसिड हमले से बचने के बाद मेरी बहन को राजनीति में शामिल होने को कहा गया था। इसलिए हमारे लिए राजनीतिक प्रस्ताव मिलना कोई बड़ी बात नहीं है। मुझसे 2019 में भी संपर्क किया गया था। कंगना ने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि, मैं इसे ब्रेक के तौर पर नहीं देख रही हूं। यह बहुत कठिन काम और जगह है, पर मैं तैयार हूं। मुझे लगता है कि अगर भगवान ने मुझे यह मौका दिया है तो मैं इसे पूरी ईमानदारी से आगे लेकर जाऊं। मैं मंडी के लोगों को निराश नहीं करना चाहती।

आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई चंदू चैंपियन




# अपनी डेटिंग लाइफ को लेकर डरे हैं कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन ने आउटसाइडर होने के बावजूद इंडस्ट्री में अपनी एक खास जगह बना ली है। कार्तिक ने अब तक के करियर में ही कई शानदार फिल्में अपने नाम कर ली हैं। वहीं, लगातार एक्टर एक के बाद एक बड़े प्रोजेक्ट्स साइन कर रहे हैं। इन दिनों कार्तिक अपनी अगली मोस्ट अवेटेड फिल्म चंदू चैंपियन को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जो जल्द ही बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होने जा रही है। इसी बीच एक्टर कई दिलचस्प खुलासे भी कर रहे हैं। कार्तिक ने इस बार अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी खुलकर बात की है। उन्होंने इस बार बताया है कि वो कौन सी चीज है जिसके कारण वह बहुत डरे-सहमे से घूम रहे हैं। एक्टर हाल ही में एक इंटरव्यू में कहा कि उनकी डेटिंग लाइफ को बहुत अटेंशन मिलने लगी है। कार्तिक ने कहा, एक था जब मेरी पर्सनल लाइफ काफी चर्चा में आ गई थी और तब से वही सब चल रहा है। कार्तिक ने आगे कहा, सच बताऊं तो मैं प्राइवेट में भी इस समय किसी को डेट नहीं कर रहा। बस डरा हुआ घूम रहा हूं। मशहूर होने के बाद आप कम ही लोगों से मिलते हैं। आप फेमस होकर बेशक बहुत सारी चीजें खरीद सकते हैं, लेकिन जो एक चीज आप नहीं खरीद पाते वो है प्यार। लोग मुझे रोमांटिक हीरो जरूर कहते हैं, लेकिन प्यार के मामले में हमेशा ही अनलकी रहा हूं। इसलिए मुझे अपने लिए एक सही इंसान की तलाश है।

बता दें कि कार्तिक आर्यन का नाम इंडस्ट्री में नुसरत भरूचा, अनन्या पांडे, सारा अली खान और डिंपल शर्मा जैसी एक्ट्रेसेस और मॉडल्स के साथ जुड़ चुका है, लेकिन कार्तिक ने कभी आधिकारिक तौर पर अपने किसी भी रिश्ते पर मुहर नहीं लगाई है। दूसरी ओर कार्तिक के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय उनके पास कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। चंदू चैंपियन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था जो आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इसके अलावा कार्तिक को भूल भुलैया 3 में भी देखा जाने वाला है। फैंस उन्हें फिर से पर्दे पर देखने के लिए बेताब हैं।

# 'किल' के ट्रेलर में दिखा राघव का राक्षसी रूप



करण जौहर इस बार दर्शकों के बीच एक दमदार एक्शन फिल्म रिलीज करने जा रहे हैं। तमाम लव स्टोरीज दिखाने के बाद अब वह किल टाइटल के साथ अपना अगला प्रोजेक्ट लेकर आ रहे हैं। एक्टर लक्ष्य, तान्या मानिकतला और राघव जुयाल के लीड रोल वाली इस फिल्म का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जिसमें काफी एक्शन सीक्वेंस देखने को मिल रहे हैं। चलिए जानते हैं कैसा है किल का ट्रेलर। किल के ट्रेलर में एक ट्रेन की जर्नी दिखाई गई है। इसके साथ-साथ एक प्यारी सी लव स्टोरी भी चल रही है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि ट्रेन में एक गैंग हमला बोल देता है। इस दौरान वह पुलिसकर्मियों सहित कई मासूम लोगों को जान से मार देते हैं। इसके बाद एक लड़की के साथ मारपीट की जाती है और उसे उठाकर दूसरी बोगी में ले जाते हैं। यहीं से कहानी में नया मोड़ आता है।

अब कहानी उस लड़के के हाथ में चली जाती है जिसकी प्रेमिका को गुंडों ने अगवाह कर लिया है। इसके बाद वह सारी हदें तोड़ते हुए गुड़ों को बुरी तरह से मारने लगता है। इस दौरान आपको इतना वॉयलेंस दिखेगा कि कुछ सीन्स पर तो संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल याद आ जाएगी। हालांकि, किल के ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है। दर्शकों ने इस पर खूब प्यार लुटाना शुरू कर दिया है। वहीं, फिल्म के लिए भी काफी उत्सुकता बढ़ गई है। निखिल भट्ट के निर्देशन में बनी किल को धर्मा प्रोडक्शन और अपूर्व मेहता ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। फिल्म में लक्ष्य, तान्या मानिकतला और राघव जुयाल को लीड स्टार्स के तौर पर देखा जा रहा है। इस बार राघव ने खूंखार विलेन के रूप में एक नया अंदाज दर्शकों के बीच पेश किया है। बता दें कि फिल्म 4 जुलाई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

अजब-गजब | अजीब है ये कैफे, खाने की मेज पर रेंगते हैं जहरीले जीव!

# गले में सांप लपेटकर खाते-पीते हैं लोग

खाने-पीने के शौकीन लोगों को नई-नई जगह पर जाकर अच्छी-अच्छी डिशेज ट्राई करने का मन होता है। वो इसके लिए खूब ट्रैवेल भी करते हैं। इसी सफर में उन्हें कई बार कुछ ऐसा भी मिल जाता है, जो बेहद अलग और अनोखा हो। आज हम एक ऐसे ही कैफे की बात करेंगे, जिसके बारे में आपने शायद ही कभी सुना होगा। इसका वीडियो देखकर तो आप डर भी सकते हैं।

सोशल मीडिया पर हमें एक से बढ़कर एक चीजें देखने को मिलती हैं। एक ऐसा ही नजारा इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक ऐसा रेस्टोरेंट दिख रहा है, जो कई मायनों में अनोखा है। आपने बहुत से अलग-अलग कैफे देखे और सुने होंगे लेकिन आज हम आपको जो वीडियो दिखाने जा रहे हैं, वो सबसे अलग है। इसमें आप एक ऐसा कैफे देखेंगे, जहां इंसानों के साथ-साथ सांप भी मौजूद हैं।

आमतौर पर लोग सांप देखते ही सिर पर पांव रखकर भागने लगते हैं। हालांकि इस कैफे में आपको अलग ही नजारा दिखेगा। यहां आते ही लोगों को खाने के साथ-साथ सांप भी परोसे जाते हैं। इन सांपों को कोई अपने गले में, कोई सिर पर तो कोई हाथ में भी लपेट लेता है। वो इनके साथ ही अपना खाना खाते रहते हैं। इसके अलावा आप टेबल पर भी जहरीले जीवों को





देख सकते हैं। इन सबको खाने के साथ देखकर आपकी रूह भले ही कांप रही हो लेकिन यहां बैठे लोग इसे एक्सपीरियंस मान रहे हैं।

वीडियो को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर sooru_irundha_podhum नाम के अकाउंट से शेयर किया गया है। इसे लाखों लोगों ने देखा है और वीडियो के साथ बताया गया है कि ये जगह मलेशिया में है। लोगों ने इस वीडियो पर दिलचस्प कमेंट भी किए हैं। एक यूज़र ने लिखा- ये बेहतरीन है। वहीं एक अन्य यूज़र ने लिखा- खाते-खाते हाथ में टंगा सांप गलती से खा लिया तो?

# आम है या सोना, एक किलो आम में आ जाएगी रॉयल एनफील्ड बुलेट




**रायपुर।** आम को फलों का राजा कहा जाता है और इन दिनों राजधानी रायपुर में आमों का मेला सजा हुआ है। प्रदेश के इकलौते कृषि विश्वविद्यालय यानी इंदिरा गांधी कृषि विवि में राष्ट्रीय आम महोत्सव की शुरुआत की गई है। यह महोत्सव आज समाप्त हो जायेगा। यहां छत्तीसगढ़ के लोकल आम से लेकर देश विदेश के अनेक किस्मों की प्रदर्शनी लगाई गई है। झूल से लेकर बांग्लादेशी आम बारी, थाईलैंड की मस्तारा सहित कई वैरायटी में आपको आम देखने मिल जाएंगे। ये सभी आम अपने आप में कई तरह की विशेषताएं लिए हुए है। इन्हें देखने मात्र के लिए ही लोगों की भीड़ उमड़ रही है। प्रदर्शनी में आम की 325 से अधिक किस्में प्रदर्शित की गई हैं। आम का व्यवसाय करने वाले राजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने बताया कि वे 9 प्रकार के विदेशी आम इस राष्ट्रीय आम महोत्सव में लेकर आए हुए हैं। इसमें सबसे खास जापान की मियाजाकी किस्म है जो कि दुनिया का सबसे महंगा आम है। इसकी कीमत 2 लाख 70 हजार रुपए प्रति किलो है। यह आम मुख्यरूप से इस महोत्सव में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोग इस आम का फोटो अपने मोबाइल में कैद कर रहे हैं। इसके अलावा यूएसए का जम्बो रेड की किस्म है जिसकी कीमत 12 हजार रुपए प्रति किलो है। यह दोनों आम बड़े साइज के होते हैं। बांग्लादेश के आम बारी की भी चार वैरायटी हैं। यह तीनों आम बारहमासी हैं। थाईलैंड की मस्तारा आम भी आप इस राष्ट्रीय आम महोत्सव में देख सकते हैं। मियाजाकी आम विशिष्ट किस्म का आम है। आम सुगंधित होने के अलावा रेगुलर तरीके से इसका प्रोडक्शन होता है। जापान के योकोहामा मियाजाकी इसका मूल स्थान है इसलिए इसे मियाजाकी नाम से जाना जाता है। इस आम का उपयोग ज्यादातर कॉरपोरेट जगत में गिफ्ट लेन-देन के लिए किया जाता है। इसमें दो प्रकार के टेस्ट होते हैं। सूर्य के रोशनी वाले भाग का स्वाद पाइनएप्पल जैसा होता है वहीं, पीछे वाला भाग कच्चा नारियल के जैसा होता है। कलर में कमजोर होता है इसलिए कलर देने के लिए इसे आईने के सामने रखा जाता है। फिर इसमें प्रॉपर तरीके से कलर आता है। अगर आप भी इस महंगे आम मियाजाकी को खरीदना चाहते हैं तो आपको छत्तीसगढ़ में 27 हजार रुपए प्रति किलो मिल जाएगी वैसे तो इसकी कीमत अंतराष्ट्रीय बाजार में 2 लाख 70 हजार रुपए है।

# आरएसएस–बीजेपी के बीच पहले वाली बात नहीं रही : उदित राज

» बोले- खराब हो गए हैं दोनों के रिश्ते

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता उदित राज ने दावा किया है कि आरएसएस और बीजेपी के बीच अब पहले वाली बात नहीं रही है। दोनों के रिश्ते बिगड़ गए हैं। उदित राज ने शुक्रवार (14 जून) को कहा है कि आरएसएस और बीजेपी के रिश्ते खराब हो गए हैं। बीजेपी ने आरएसएस को किनारे कर दिया है। ऐसा इसलिए भी कहा जा रहा है, क्योंकि एक इंटरव्यू के दौरान बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा था कि आरएसएस के एक सामाजिक संगठन है, जबकि बीजेपी राजनीतिक दल है। अब हम आगे बढ़ चुके हैं।

पहले से ज्यादा सक्षम हो चुके हैं, ऐसे में अब आरएसएस की जरूरत उतनी नहीं है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी बीजेपी पर बिना नाम लिए निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि जिसको वास्तविक सेवक कहा जाता है, वह हमेशा मर्यादा में चलता है। एक सच्चे सेवक में अहंकार नहीं होता और वह गरिमा बनाए रखते हुए लोगों की सेवा करता है। नागपुर में एक कार्यक्रम में पहुंचे संघ प्रमुख ने कहा कि सच्चा सेवक कर्म करता है, लेकिन कर्मों में लिपटा नहीं होता है। उसमें अहंकार नहीं आता है कि मैंने इसे किया है। वही सेवक कहलाने का अधिकारी होता है।



## अहंकारियों को 241 पर रोक दिया, ये प्रभु का न्याय है : इंद्रेश

आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा जो अहंकारी हो गए हैं, उन्हें 241 पर रोक दिया, जिनकी राम के प्रति आस्था नहीं थी, अश्रद्धा थी। उन सबको मिलकर 234 पर रोक दिया। यही प्रभु का न्याय है। इंद्रेश कुमार जयपुर के पास कानोता में रामरथ अयोध्या यात्रा



दर्शन पूजन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि राम सबके साथ न्याय करते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव को ही देख लीजिए। जिन्होंने राम की भक्ति की, लेकिन उनमें धीरे-धीरे अहंकार आ गया। उस पार्टी को सबसे बड़ी पार्टी घोषित कर दिया। उनको जो पूर्ण हक मिलना चाहिए, जो शक्ति मिलनी चाहिए, वो भगवान ने अहंकार के कारण रोक दी। उन्होंने कहा कि जिन्होंने राम का विरोध किया, उन्हें बिल्कुल भी शक्ति नहीं दी। उनमें से किसी को भी शक्ति नहीं दी। सब मिलकर (इंडिया ब्लॉक) भी नंबर-1 नहीं बने, नंबर-2 पर खड़े रह गए। इसलिए प्रभु का न्याय विचित्र नहीं है, सत्य है, बड़ा आनंददायक है। अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह की हार पर भी इंद्रेश कुमार ने कहा कि जो राम की भक्ति करे, फिर अहंकार करे, जो राम का विरोध करे, उसका अकल्याण अपने आप हो गया। लल्लू सिंह ने जनता पर जुल्म किए थे, तो रामजी ने कहा कि पांच साल आराम करो, अगली बार देख लेंगे।

### इंद्रेश कुमार अपनी विफलता का आरोप दूसरों पर लगा रहे हैं : सत्येंद्र

श्री राम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास महाराज ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इंद्रेश कुमार के बयान पर प्रतिक्रिया दी है। सत्येंद्र दास ने कहा कि अभिमान नहीं होगया है ऐसा कुछ नहीं है। इंद्रेश जी हिन्दू मुसलमान की एकता के लिए प्रयास करते रहें पर ऐसा हुआ ही नहीं, लेकिन मुस्लिमों ने बीजेपी को वोट दिया ही नहीं, इंद्रेश जी अपनी विफलता का आरोप बीजेपी पर लगा रहे है। राम मंदिर के पुजारी ने कहाकि 240 सांसद बीजेपी के कम नहीं है, वो अपनी असफलता को बीजेपी पर थोप रहें हैं, बीजेपी ने 500 साल के विवाद को खत्म किया और राम मंदिर बनवाया।

# लोगों के बीच में जाएं विधायक : केजरीवाल

» किसी भी कीमत पर पानी की कमी न हो

» तिहाड़ में आतिशी ने सीएम से की मुलाकात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



नई दिल्ली। दिल्ली में बिजली–पानी की समस्या को दूर करने के लिए मंत्री के साथ विधायक सड़कों पर होंगे। दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने तिहाड़ जेल में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम को दिल्ली में पानी और बिजली की स्थिति के बारे में विस्तार से बताया। इस पर मुख्यमंत्री ने शहर में पानी की मौजूदा समस्या के तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही विधायकों के लिए निर्देश दिए कि सभी विधायक ग्राउंड पर लोगों के बीच जाए। साथ ही लोगों की पानी की समस्या को दूर करने का काम करें।

आतिशी ने कहा कि केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठे केस में फंसा कर तिहाड़ जेल में बंद किया गया है। जेल में रहकर भी वह दिल्ली के विकास के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली की खबरों से पता चला कि दिल्ली में पानी की समस्या चल रही है। इसके कारण दिल्ली के लोग परेशान हैं। ऐसे में इन समस्याओं को जल्द दूर करने का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल जेल के अंदर हो या जेल के बाहर हो वो दिल्ली के लोगों के बारे में उनकी समस्याओं कि समाधान के लिए और दिल्ली के लोगों की बेहतरी के लिए सोचते है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को टैंकर माफियाओं पर निगरानी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। मुनक नहर इलाके में दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई है। गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस की टीम मुनक नहर के किनारे गश्त करती दिखीं। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है।

# नहीं रहे दूरसंचार कर्मियों के सहयोगी जुगुल किशोर

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कभी दूरसंचार विभाग में कर्मियों के चहेते और उनकी समस्याओं को अधिकारियों तक पंहुचा कर उनका निराकरण कराने वाले सेवानिवृत्त कार्यालय अधिकारी जुगुल किशोर का निधन 96 वर्ष की उम्र में हो गया। श्री जुगुल का जन्म 1928 में बिहार के सिवान में हुआ था। उन्होंने शुरुआती शिक्षा बिहार में ली उसके बाद वह लखनऊ आए गए यहां उच्च शिक्षा लेने के बाद उन्होंने इस शहर को अपनी कर्मभूमि बनाई।

उन्होंने पोस्टल व टेलीकॉम विभाग में लगभग तीस साल सेवाएं दी। इसबीच वह अपने सहकर्मियों की समस्याओं को तत्काल खत्म करवाने में अहम भूमिका निभाते थे। इसके अतिरिक्त उन्होंने कई समाजिक कार्यों भी अपना योग दान दिया। श्री किशोर अपने पीछे पत्नी, एक पुत्री, दो पुत्र समेत पौत्र, प्रपौत्री व प्रपौत्र व प्रपौत्री समेत एक भरापूरा परिवार छोड़ कर गए हैं।

# योगी के मंसूबों पर पानी फेर रहे अफसर


» सीएम हेल्पलाइन का असंवेदनशील रवैया

» बेसहारा असहाय वृद्ध को वृद्धा आश्रम भेजने का भी नहीं कर पाये प्रबन्ध

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। विगत 2–3 माह से हजरतगंज क्षेत्र के बसन्त सिनेमा के आस–पास अत्यन्त दयनीय अवस्था में फुटपाथ पर पड़े हुऐ वृद्ध पर आखिर में वहां पर आस–पास की सफाई कार्य करने वाली लक्ष्मी वाल्मिकी को दया आ ही गई लेकिन उनके द्वारा अपने स्तर पर उस वृद्ध की सहायता करने का कोई विकल्प नहीं था अत: लक्ष्मी द्वारा इस बाबत 4 जून को पशुप्रेमी समाजसेविका सुनीता पाण्डेय से अनुरोध किया गया।

उन्होंने कहा कि ये वृद्ध पिछले कई महीनों से बसन्त सिनेमा के पास फुटपाथ पर अत्यन्त दयनीय अवस्था में पड़ा है, आस–पास के लोग उसे कुछ खाने को दे देते है, किन्तु यदि उसे कोई सहायता नहीं मिलेगी तो वृद्ध असमय ही मर जायेगा। सुनीता पाण्डेय द्वारा वृद्ध को सहायता प्रदान कराये जाने के लिये, अभिलाषा सेवा संस्थान की प्रबन्धक/सचिव आभा शुक्ला से सम्पर्क करने को कहा गया, जिस पर लक्ष्मा वाल्मिकी द्वारा आभा शुक्ला को पूरे तथ्यों से अवगत कराया गया और सामाजिक कार्यकर्ता को तत्काल लोकेशन पर पहुंच कर वृद्ध की मदद को कहा गया। सी.एम. हेल्प लाईन की कार्य प्रणाली प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा के विपरीत ही कही जा सकती है। जहां एक ओर मुख्यमंत्री मजलूमों के प्रति अत्यंत संवेदनशील भाव रखते हैं, वहीं दूसरी ओर सी.एम. हेल्प लाईन की कार्य प्रणाली में अगम्भीरता स्पष्ट रूप से नजर आती है।



### सामाजिक कार्यकर्ता ने की मदद

सामाजिक कार्यकर्ता तुषार साहू तत्काल बसन्त सिनेमा के पास पहुंचे और तुषार साहू द्वारा बात-चीत के दरम्यान बताया गया कि वह हुसैनगंज का रहने वाला है और जनपथ मार्केट स्थित राजीव कोचिंग में काम करता था, भाई की मौत और भतीजे के बाहर चले जाने के बाद उसकी भाभी ने साल-डेढ़ साल पहले घर से भगा दिया है, तबसे वह ऐसे ही पड़ा है। इस पर तुषार साहू द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी, लखनऊ सुनीता सिंह से वृद्ध को तत्काल किसी वृद्धा आश्रम में दाखिला कराने के लिये कहा गया, जिस पर समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सरोजनी नगर स्थित सार्वजनिक शिक्षोनयन संस्थान के वृद्धा आश्रम के चीफ एडमिन केवी बाजपेई का मोबाईल नम्बर दिया गया और बताया गया कि वहां पर वृद्ध को दाखिला मिल जायेगा।

# हाईकोर्ट के रिटायर जज करेंगे बलौदाबाजार हिंसा की जांच

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा को लेकर छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार फुल एक्शन में है। वहां के तत्कालीन कलेक्टर केएल चौहान और एसपी सदानंद कुमार को सस्पेंड करने के बाद फिर एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी के अमरगुफा में जैतखाम क्षतिग्रस्त मामले में जांच करायेगी। इसके लिए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी बनाया गया है। राज्य शासन ने 6 बिन्दुओं पर जांच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है।

जांच समिति तीन महीने के भीतर राज्य शासन को रिपोर्ट सौंपेगी। छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सीबी बाजपेयी की एकल सदस्यीय टीम इस घटना की जांच कर 3 महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेंगे।

# अफगानिस्तान ने सुपर आठ में पहली बार बनाई जगह

» टी-20 विश्व कप में पीएनजी को सात विकेट से हराया

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

तारोबा। फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। लक्ष्य का पीछा करने उतरे अफगानिस्तान की शुरुआत भी खराब रही और टीम ने तीसरे ओवर में 22 रन तक ही अच्छी फॉर्म में चल रहे अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज (11) और इब्राहिम जादरान (00) के विकेट गंवा दिए।



### तीन मैच जीत कर प्राप्त किये छह अंक

तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज (छह अंक) पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। इसके साथ ही 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। न्यूजीलैंड ने लगातार दो मैच गंवाए हैं। टीम अंक तालिका में अंतिम स्थान पर चल रही है और अभी उसके अंकों का खाता भी नहीं खुला है। न्यूजीलैंड की टीम अपने अंतिम दो मैच अब युगांडा और पीएनजी के खिलाफ खेलेगी जो महज औपचारिकता के मुकाबले हैं।



# ये कैसा न्याय: अर्धनिर्मित घरों में पहुंचाए जा रहे विस्थापित

## कई घरों में दरवाजे खिड़की नहीं, सड़कों पर बिखरा मलबा


फोटोः सुमित कुमार

- अकबरनगर के पीड़ितों के साथ हो रहा अन्याय
- चिलचिलाती धूप में बाहर रहने को मजबूर महिलाएं व बच्चे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। न्याय की बात करने वाली योगी सरकार में अन्याय कैसे हो रहा है उसे देखना हो तो एलडीए की आवास योजना बसंत कुंज में देखा जा सकता है। जहां अयोध्या रोड में ढहाई जा रही अकबर नगर के वासिंदों को बसाने की व्यवस्था की जा रही है। ज्ञात हो कि कुकरैल रिवर फ्रंट के निर्माण के चलते अकबर नगर में कोर्ट के आदेश से एलडीए व नगर निगम ध्वस्तीकरण कर रहा है। वहीं अदालत के ही आदेश पर इन लोगों को मकान में दिए जा रहे हैं।


बसंतकुंज की जिस प्रधानमंत्री आवास के घर इन पीड़ितों को दिया जा रहा है वह अब भी अधूरे पड़े। किसी मकान में बाथरूम बने नहीं है तो कहीं पर दरवाजे व खिड़कियां भी नहीं लगीं हैं। यंही नहीं मकानों में तो शौचालय भी अर्धनिर्मित हैं। यही नहीं कुछ आवासों के सामने मकानों के वेस्ट मैटेरियल जमा हैं जिससे लोगों को रास्ता तक नहीं मिल रहा है। महिलाएं व बच्चें चिलचिलाती गर्मी में खुले में रहने को मजबूर हैं।











**अब भी चल रहे हैं बुलडोजर**

अकबरनगर द्वितीय में अवैध निर्माण ढहाने के बाद अकबरनगर प्रथम में अभियान शुरू हो गया। यहां पहले दिन 54 मकान-दुकान पर बुलडोजर चला। शुक्रवार को ध्वस्तीकरण जारी रहा। इससे पहले अकबरनगर द्वितीय में अभियान के चौथे दिन 83 अवैध निर्माण ढहाए गए। यहां तोड़े गए मकान-दुकान की संख्या 395 हो गई है। इस जगह पर महज दो निर्माण बचे हैं। चार दिन की मेहनत के बाद प्रशासन की टीम ने बृहस्पतिवार शाम अकबरनगर द्वितीय को मैदान बना दिया। यहां सिर्फ दो अवैध निर्माण अभी भी खड़े हैं, जिनमें एक धार्मिक स्थल और दूसरा मदरसा है। मदरसे में बच्चे व धार्मिक स्थल में ग्रंथ होने के कारण इन्हें अभी नहीं तोड़ा जाएगा।

# अब भी धड़ल्ले से हो रही है डीजल चोरी

## आखिर कौन है नगर निगम में डीजल चोर, 4PM के कैमरे में कैद हुए डीजल चोरी करते हुए निगम के कर्मचारी

- प्रवर्तन दल प्रचार व मार्ग प्रकाश की गाड़ियों से डीजल हो रहा था चोरी
- डीजल चोरी की एफआईआर दर्ज

मो. शारिक/4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। एक तरफ जहां जनता से जुड़े सरोकारों को न करवाने पर नगर निगम बजट का रोना रोता रहता है तो दूसरी तरफ उसके कर्मचारी डीजल चोरी करके उसको चूना भी लगा रहे हैं। नगरनिगम कर्मियों द्वारा डीजल की चोरी की शिकायत पर राजधानी के प्रतिष्ठित समाचार पत्र ने आपरेशन डीजल चलाया जिसमें कर्मियों द्वारा खुले डीजल चोरी करते कैमरे में कैद किया गया।

नगर निगम की स्ट्रीट लाइट सही करने वाली गाड़ी से डीजल हो रहा था चोरी,वीडियो बनाते देख मौके से यूपी-32 सी-5 4156 गाड़ी लेकर हुए फरार,यूपी 41 एटी 0766 से डीजल चोरी करते कैमरे में कैद कर्मचारी हुए। रिपोर्टर ने जिन चोरी के गैलनों को कैमरे में कैद किया था। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि उन गैलनों की जानकारी डीजल चोर व रिपोर्टर के अलावा किसी को नही थी,फिर चीफ इंजीनियर के कहने पर कैसे वही गैलन कार्यालय में मौजूद कर्मी उठा लाये। इस पर कई सवाल उठ रहे हैं। ये इस ओर भी इयारा कर रह हैं कि कार्यालय में मौजूद अधिकारी व कर्मचारी डीजल चोरी के सिंडिकेट से जुड़े हुए है।



नगर निगम की गाड़ी से डीजल निकालता वाहन चालक इनसेट में गाड़ी का नंबर।


नगर निगम की गाड़ी से तेल निकालकर ब्रास बैंड की गाड़ी में रखा गया डीजल से भरा पीपा।

### वालाकदर रोड मार्ग प्रकाश कार्यालय डीजल चोरी में सबसे आगे

दो दिन पहले डीजल चोरी की एफआईआर गोमतीनगर थाने में दर्ज हुई थी। धड़ल्ले डीजल चोरी वालाकदर रोड मार्ग प्रकाश कार्यालय के पास हो रही थी। वहां पर हर दिन सैकड़ो लीटर डीजल चोरी किया जाता है। कुल चार गाड़ियों से निकला गया सैकड़ों लीटर डीजल, जो हमारे संवाददाता के कैमरे में कैद हुआ। शिव शंकर बैंड के ठेले से 4 गैलन डीजल बरामद हुआ। जैसे ही डीजल चोरों ने कैमरे देखे वह भाग गए। मौके से तीन गाड़ियां तेज रफ्तार से वहां निकले। वहीं मौके पर पहुचे चीफ इंजीनियर ने डीजल को कब्जे में लिया। शिकायत के बाद चीफ इंजीनियर ने चोरी से भरे डीजल को वहां मंगाया था। शिव शंकर बैंड के ट्रॉली से सैकड़ों लीटर डीजल से भरे गैलन बरामद किया गया। चीफ इंजीनियर को खुश करने के लिए बिना बताए दूसरे गैलन उठा लाये गए।

### भाजपा झंडा लगी एसयूवी कार भी चोरी में शामिल!



डीजल चोरी के सिंडिकेट में एक एसयूवी कार भी शामिल है जिस पर भाजपा पार्टी का झंडा लगा हुआ है, एसयूवी कार का चालक भी कर्मचारी के साथ डीजल चोरी करवा रहा था। उसने कैमरे को देख कहा मैं तो पैदल आ रहा हूँ मेरी कोई गाड़ी नही है, उसके बाद डीजल चोरी करने वाले कर्मी के इशारे पर गाड़ी लेकर भाग गया। वहीं ड्राइवर ने बताया कि पीएक्सटूईजे 5009 गाड़ी गणेश स्वीट हाउस की है। उसने कहा कि नेट पर डाल कर सर्च करलो पता चल जाएगा हम कौन है, डीजल चोरी करने वालों के सिंडिकेट की पकड़ भाषा शैली से लगाया जा सकता है।

> “ डीजल चोरी करने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी साथ ही साथ इसमें जो भी दोषी पाए जाएंगे इन सभी को जेल भेजने का काम किया जाएगा। बख्शा किसी को नहीं जाएगा। – इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त

# उत्तर प्रदेश में प्रचंड गर्मी से सब बेहाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। पूरे यूपी में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। गर्मी के चलते कानपुर का सबसे ज्यादा बुरा हाल है। हाईवे की सड़क का डामर पिघल गया। इससे वाहनों के पहियों से रोड नालीनुमा हो गई। दरअसल, राजस्थान के थार मरुस्थल से होकर आ रहीं उत्तर-पश्चिमी गर्म हवाओं की वजह से कानपुर परिक्षेत्र का पारा लगातार हाई बना हुआ है। उमस भरी गर्मी में शहरी हलकान हैं। गुरुवार को महानगर का अधिकतम और न्यूनतम तापमान प्रदेश में सबसे अधिक रहा है।

शहरियों ने दिन भर लू के थपेड़े झेले। सीएसए मौसम विभाग का कहना है कि मानसूनी पूर्वी हवाएं अभी रफ्तार नहीं पकड़ पा रही हैं। इस वजह से गर्मी बनी हुई है। चार-पांच दिन अभी यही स्थिति बने रहने का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक, गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य औसत से तीन डिग्री और न्यूनतम तापमान ढाई डिग्री अधिक रहा है।

जून में गर्मी बाहर निकलने वाले लोगों की कठिन परीक्षा ले रही है। बांदा-चित्रकूट में अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। लू की चपेट में आकर उल्टी-दस्त और बुखार से नौ लोगों की मौत हो गई। इनमें चित्रकूट में तीन, बांदा में दो, महोबा में चार लोगों की जान चली गई।



### बच्चों के लिए 28 जून तक बंद रहेंगे विद्यालय

यूपी में भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 24 जून तक के लिए बढ़ा दी गई हैं। वहीं, बच्चों के लिए स्कूल 28 जून तक बंद रहेंगे। इस संबंध में महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने जानकारी दी है। बता दें कि भीषण गर्मी को देखते हुए शिक्षक संगठनों ने गर्मी की छुट्टियां बढ़ाने की मांग की थी। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री व प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा को भेजे पत्र में कहा था कि पूरा प्रदेश भीषण गर्मी व लू से तप रहा है। ऐसे में विद्यालयों को 18 जून से खोलना हितकर नहीं होगा। वहीं शिक्षकों की परस्पर तबादले की प्रक्रिया भी चल रही है। इसे देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां 30 जून तक की जाएं।

स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website**: www.4pm.co.in |
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।